Title: Need for early construction of remaining part of road between Dhami and Kunihar in Himachal Pradesh under Central Road Fund.

कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ.धनी राम शांडिल्य (शिमला) : सभापति जी, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक सैन्य-महत्व का मार्ग है जिसे किंगल-धामी (डी.जी. बी.आर - दीपक परियोजना) मार्ग के नाम से जाना जाता है। इस मार्ग का निर्माण 1962 के चीनी आक्रमण के पश्चात इस आशय से किया गया था कि तिब्बत सीमा व सेना के प्रमुख बेस-चण्डी मंदिर के बीच यह सबसे छोटा व सारे र्वा बिना बाधा के उपयोग में लाया जाने वाला मार्ग होगा।

इस महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण कार्य कई कारणों से धामी व कुनिहार क्षेत्र के मध्य केवल ढाई कि.मी. शो रह गया था, जो अभी भी अधूरा पड़ा है। इस मार्ग के पूर्ण होने से इस क्षेत्र के बेरोजगार युवकों, किसानों व बागवानों को भी इस मार्ग का लाभ उपलब्ध हो सकेगा।

अतः मेरा भारत सरकार से विशो आग्रह है कि इस भारत-तिब्बत सीमा से चण्डी मंदिर के मध्य धामी व कुनिहार के बीच अनिर्मित लगभग ढाई कि.मी. बचे भाग को "केन्द्रीय रोड फंड" के अंतर्गत इसी वित्तीय र्वा की योजना में उच्च प्राथमिकता के आधार पर शीघ्रातिशीघ्र पूरा करवाने की कृपा करें।